आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 03.08.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया, कहा— भारत रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढावा दे रहा है।
- प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव अभियान जारी। केदारघाटी में अबतक 7 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों को रेस्क्यू किया गया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा— प्रकृति के संरक्षण और पर्यावरण का संतुलन रखने के लिए जन सहभागिता से वृक्षारोपण करना होगा।
- ऊधमसिंह नगर के रुद्रपुर शहर में स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड से करीब एक लाख टन कूड़े का निस्तारण किया गया।

पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अतिरिक्त खाद्यान्न का उत्पादन करने वाला देश है और वह वैश्विक खाद्य सुरक्षा और वैश्विक पोषण सुरक्षा कार्यों में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार सुधारों के साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रही है और इसका उद्देश्य किसानों के जीवन में सुधार लाना है। आज नई दिल्ली में 32वें अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कृषि, सरकार की आर्थिक नीति का केन्द्र है। उन्होंने कहा कि भारत मोटे अनाज, दूध, दाल और मसालों का सबसे बडा उत्पादक देश है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढावा दे रहा है।

केदारनाथ बचाव अभियान

रुद्रप्रयाग जिले के केदारघाटी में अतिवृष्टि के चलते विभिन्न पड़ावों पर फंसे यात्रियों और स्थानीय लोगों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए राहत और बचाव अभियान आज तीसरे दिन भी जारी रहा। अबतक सात हजार से अधिक श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकाल लिया गया है। बचाव अभियान को तेजी के साथ पूरा करने के लिए हेलीकॉप्टर के प्रयोग के साथ ही एन०डी०आर०एफ, एस०डी०आर०एफ, डी०डी०आर०एफ और पुलिस विभाग युद्धस्तर पर जुटे हैं। देहरादून में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आपदा में क्षतिग्रस्त सड़कों और भवनों की मरम्मत का काम तेजी से किया जा रहा है।

आपदा उच्च स्तरीय बैठक

राज्य के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा को लेकर आज देहरादून में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों को राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान श्री धामी ने रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से वर्चुअली बात कर आपदा से संबंधित बचाव कार्यों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने केदारनाथ पैदल मार्ग पर क्षतिग्रस्त पड़ावों की शीघ्र मरम्मत करने को कहा, ताकि आवागमन जल्द सुचारू हो सके। उन्होंने यात्रा मार्ग पर फंसे यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराने के साथ ही उनके लिए पर्याप्त भोजन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस बीच, मुख्यमंत्री के निर्देश पर गढ़वाल मंडल के आयुक्त विनय शंकर पांडे को केदारनाथ यात्रा मार्ग के प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे की बहाली के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

गढ़वाल बलूनी

गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने आज आपदाग्रस्त क्षेत्र केदारघाटी का हवाई और स्थलीय दौरा कर राहत व बचाव कार्यों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न पड़ावों पर फंसे तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों को निकालने के लिए जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए। श्री बलूनी ने सोनप्रयाग में प्रभावित लोगों और तीर्थयात्रियों का हालचाल जाना। गढ़वाल सांसद ने कहा कि जिन स्थानों पर लोग फंसे हैं, उन सभी स्थानों पर प्रशासन की टीमें पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात हैं और फंसे हुए लोगों का रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है।

टिहरी आपदा
टिहरी जिले के आपदा प्रभावित बूढ़ाकेदार और अन्य क्षेत्रों में पानी, बिजली और सकड़ों की मरम्मत का कार्य तेजी से किया जा रहा है। साथ ही जिला प्रशासन आपदा में हुए नुकसान का आकलन करने में जुटा है। आकाशवाणी से बातचीत में घनसाली जल संस्थान के अधिशासी अभियन्ता संतोष उपाध्याय ने बताया कि बूढ़ाकेदार क्षेत्र में अस्थाई रूप से जलापूर्ति सुचारू कर दी गई है। साथ ही राहत शिविरों रह रहे लोगों के लिए पर्याप्त खाद्यान सामग्री पहुंचायी जा रही है।

एक पेड़ मां के नाम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रकृति के संरक्षण और पर्यावरण का संतुलन रखने के लिए जन सहभागिता से वृक्षारोपण करना होगा। देहरादून में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान और 'हरेला' पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा कि वृक्षारोपण से प्राकृतिक आपदाओं से बचाव होता है। आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए सभी को वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की "एक पेड़ मां के नाम" अभियान भी प्रकृति के संरक्षण के लिए लाभदायक होगा। श्री धामी ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण के साथ ही विकास भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि देहरादून के मोथरोवाला क्षेत्र में नमामि गंगे योजना के तहत 15 एमएलडी की क्षमता का सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में देहरादून दिल्ली एलिवेटेड रोड बनने के बाद देहरादून और आस–पास के शहरों में पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ेगी।

कूड़े का प्रबंधन
पर्यावरण की स्वच्छता के लिए ऊधमसिंह नगर के रुद्रपुर शहर में स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड से करीब एक लाख टन कूड़े का निस्तारण किया गया है। इससे ट्रेंचिंग ग्राउंड का करीब ढाई एकड़ हिस्सा खाली हो गया है। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र को ग्रीन स्पेस के रूप में विकसित किया जाएगा। साथ ही इस स्थान पर मिट्टी का भराव कर पौधरोपण और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को बचे हुए कूड़े के निस्तारण के लिए लीगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट में तेजी लाने के निर्देश दिए। ट्रेंचिंग ग्राउंड की सफाई होने से स्थानीय लोगों को राहत मिली है और उन्होंने इसके लिए सरकार का आभार जताया है।

वन्य जीव तस्कर

उत्तराखंड विशेष कार्य बल– एस.टी.एफ के दल ने चंपावत के देवीधुरा वन क्षेत्र से दो लेपर्ड की खाल के साथ एक वन्य जीव तस्कर को गिरफ्तार किया है। एस.टी.एफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि पिछले सात दिनों के अन्दर दो अलग–अलग मामलों में चार वन्य जीव तस्करों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

रोजगार मेला

चमोली जिले में स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर देने के उद्देश्य से 6 अगस्त से 24 अगस्त तक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि एक निजी कंपनी की ओर से सुरक्षा जवान और सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

विधानसभा सत्र तिथि
उत्तराखंड विधानसभा का मानसून सत्र 21 अगस्त से शुरू हो रहा है। इस बार सत्र चमोली जिले के गैरसैंण स्थित भराड़ीसैंण विधानसभा में आयोजित किया जा रहा है। सत्र तेईस अगस्त तक चलेगा। शासन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

हर घर तिरंगा अभियान

गृह मंत्री अमित शाह ने सभी नागरिकों से हर घर तिरंगा अभियान को आगे बढ़ाने और उत्साह के साथ इसमें भाग लेने की अपील की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने लोगों से 9 से 15 अगस्त के बीच अपने घरों में तिरंगा फहराने या प्रदर्शित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर घर तिरंगा अभियान पिछले दो वर्षों में एक राष्ट्रीय आंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा कि यह देश भर के लोगों में बुनियादी एकता को जागृत कर रहा है।